# लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।

## वित्त समिति की बैठक दिनांक 22 मार्च, 2021 का कार्यवृत्त

लखनऊ विश्वविद्यालय की वित्त समिति की बैठक आज दिनांक 22 मार्च, 2021 को सायं 4:30 बजे एच.आर.डी.सी. भवन स्थित समिति कक्ष में आहूत की गयी।

बैठक में निम्न अधिकारीगण उपस्थित रहेः—

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **श्री आलोक कुमार राय** | कुलपति | अध्यक्ष |
| 2. | श्री इन्द्रजीत विश्वकर्मा | अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन प्रतिनिधि अपर मुख्य सचिव वित्त, उ0प्र0 शासन। | सदस्य |
| 3. | श्री आलोक कुमार श्रीवास्तव | क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,, लखनऊ। प्रतिनिधि अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा, उ0प्र0 शासन | सदस्य |
| 4. | डा0 विनोद कुमार सिंह, | कुलसचिव | सदस्य |
| 5. | प्रो0 ए. एम. सक्सेना | परीक्षा नियंत्रक | सदस्य |
| 6. | श्री मुकेश कुमार जैन | वित्त अधिकारी | सचिव सदस्य |

**बिन्दु संख्या—01**

वित्त समिति की बैठक दिनांक 28 जनवरी, 2021 की कार्यवृत्त एवं अनुपालन आख्या समिति के समक्ष प्रस्तुत की गयी, जिस पर समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिन्दु संख्या—02**

(क) लखनऊ विश्वविद्यालय का वित्तीय वर्ष 2021—22 का राजस्व/पूँजीगत/स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रम/विकास निधि का आय—व्ययक विचार—विमर्श हेतु समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, प्रस्तुत आय—व्ययक पर समिति द्वारा विचारोपरान्त सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

(ख) लखनऊ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कला एवं शिल्प महाविद्यालय का वित्तीय वर्ष 2021—22 का राजस्व/पूँजीगत/स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रम के आय—व्ययक विचार—विमर्श हेतु समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, प्रस्तुत आय—व्ययक पर समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

## अन्य बिन्दु

**बिन्दु संख्या—01**

लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित जे.ई.ई.बी.एड. प्रवेश परीक्षा, 2021—23 से सम्बन्धित तैयार किये गये आय—व्ययक को वित्त समिति के समक्ष विचार—विमर्श हेतु प्रस्तुत किया गया, प्रस्तुत आय—व्ययक पर समिति द्वारा विचारोपरान्त सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिन्दु संख्या—02**

लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित स्नातक/परास्नातक/प्रोफेशनल प्रोग्राम/ एम.एड./बी.पी.एड./एम.पी.एड./बी.एल.एड./पी.एच.डी. प्रवेश परीक्षा 2021—22 से सम्बन्धित तैयार किये गये आय—व्ययक को समिति के समक्ष विचार—विमर्श हेतु प्रस्तुत किया गया, प्रस्तुत आय—व्ययक पर समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

22.3.21. 22/3/21 22/3/21

बिन्दु संख्या–03

विभागाध्यक्ष, व्यापार प्रशासन विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा विभाग में संचालित एम.बी.ए. स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रम के अन्तर्गत 02 एसोसिएट्स प्रोफेसर तथा 04 असि0 प्रोफेसर संविदा के आधार पर नियोजित किये जाने से सम्बन्धित प्रस्ताव समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिस पर समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

बन्दु संख्या–04

इंचार्ज, ट्रॉजिस्ट हास्टल–कम–गेस्ट हाउस, लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा प्रेषित प्रस्ताव जिसमें अतिथि गृह में साधारण एवं विशिष्ठ भोजन हेतु लिए जाने वाली धनराशि रू0 120/– के स्थान पर विशिष्ठ भोजन की राशि रू0 200/– किये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिस पर समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

बिन्दु संख्या–05

उत्तर प्रदेश सरकार के अधीन विभिन्न विभागों में नियुक्त विकलॉग कर्मचारियों को वाहन भत्तों की दरों हेतु जारी शासनादेश संख्या 06/2019/जी–2–531/दस–2019 दिनांक 22 अगस्त, 2019 को लखनऊ विश्वविद्यालय में अंगीकृत किये जाने से सम्बन्धित प्रस्ताव समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिस पर समिति द्वारा शासनादेश को अंगीकृत किये जाने पर सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त की गयी।

बिन्दु संख्या–06

कुलसचिव कार्यालय से प्राप्त प्रस्ताव जिसमें कि श्री विक्की कश्यप, चतुर्थ श्रेणी एवं श्रीमती आरती सफाई कर्मी नियत वेतन भोगी कार्मिक, क्वालिटी मैनेजमेण्ट प्रोग्राम (स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रम) के वेतन भुगतान सम्बन्धी प्रकरण के निस्तारण हेतु मा0 कुलपति महोदय द्वारा गठित समिति की बैठक दिनांक 01.02.2021 में समिति की संस्तुति के अनुरूप उक्त कोर्स की आय शून्य हो जाने के कारण उक्त कार्मिकों को रू0 8073/– प्रतिमाह की दर से वेतन भुगतान (एम.ए. एम.एस.सी.सांख्यिकी एवं एम.ए./एम.एस.सी. जैव सांख्यिकी) की आय से किये जाने विषयक प्रस्ताव समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिस पर समिति द्वारा विचारोपरान्त सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

बिन्दु संख्या–07

राज्य सरकार के अधीन विश्वविद्यालयों की आन्तरिक लेखा परीक्षा के सम्बन्ध में जारी शासनादेश संख्या 2/2019/आडिट–2–1053/दस–2019–355(5)/2018 दिनांक 01 अक्टूबर, 2019 को लखनऊ विश्वविद्यालय में अंगीकृत किये जाने से सम्बन्धित प्रस्ताव समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिस पर समिति द्वारा सर्वसम्मति से शासनादेश को अंगीकृत किये जाने पर सहमति व्यक्त की गयी।

बिन्दु संख्या–08

प्रो0 मनुका खन्ना, डीन, आर.ए.सी. लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा संशोधित विज्ञापन संख्या –आर/05/2021 दिनांक 10.02.2021 के पश्चात् निरस्त किये गये 187 अभ्यर्थियों के आवेदन शुल्क जिसकी कुल धनराशि रू0 2,60,400/– मात्र है, को सम्बन्धित अभ्यर्थियों को वापस किये जाने पर विचार–विमर्श किया गया, जिसपर समिति द्वारा 187 अभ्यर्थियों के आवेदन शुल्क जिसकी कुल धनराशि रू0 2,60,400/– मात्र है, को सम्बन्धित अभ्यर्थियों को वापस किये जाने पर सहमति व्यक्त की गयी।

बिन्दु संख्या–09

लखनऊ विश्वविद्यालय में नियत वेतन पर कार्यरत शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के वेतन बढोत्तरी के सम्बन्ध में गठित समिति की रिपोर्ट दिनांक 19 मार्च, 2021 के कम में वेतन बढोत्तरी के प्रस्ताव पर विचार–विमर्श किया गया, विचार–विमर्श के उपरान्त तृतीय श्रेणी कार्मिकों को रू0 17,500/– प्रतिमाह तथा चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों को रू0 11,650/– प्रतिमाह नियत वेतन के रूप में दिये जाने पर सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त की गयी।

बिन्दु संख्या–10

लखनऊ विश्वविद्यालय में शिक्षक/शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमों एवं अन्य कियाकलापों हेतु मानदेय निर्धारण हेतु गठित समिति की रिपोर्ट दिनांक 18 मार्च, 2021 जिसके द्वारा विभिन्न कार्यो हेतु मानदेय की

22.3.21 22.3.21 22/3/21

दरें निर्धारित की गयी है, के सम्बन्ध में प्रस्तुत संस्तुतियों पर विचार–विमर्श किया गया, विचार–विमर्श के उपरान्त समिति की रिपोर्ट पर निम्नानुसार संशोधनों के साथ सहमति व्यक्त की गयी:–

| SlNo. | Details | Amount | Remark |
|---|---|---|---|
| 1 | HOD/Director/Professor In-Charge (for Self Financial Programmes) (Entittled for only one honorarium irrespective of he/she is involved in morethan one Programme) | Rs. 2000 Per Month | Up to 200 Students |
| | | Rs. 3000 Per Month | Up to 201-500 Students |
| | | Rs. 4000 Per Month | Above 500 Students |
| 2 | Coordinators (Entitled for only one honorarium irrespective of he/she is involved in more than one self-finance Programme | Rs. 1500/- per Month | Per Programme (Only in self-finance programmes). However, it would not be given to those appointed in the self-finance programme. |
| 3 | Subject Experts / Guest Faculty/Visiting Faculty Subject to availability of fund | Rs. 800/-Per Hour (Maximum limit) Not exceeding 30000/- per month | For PG Programme and PG Diploma |
| | | Rs. 600/-Per Hour (Maximum limit) Not exceeding 25,000/- per month | For UG Programme and Diploma |
| | | Rs. 400/-Per Hour (Maximum limit) Not exceeding 20,000/- per month | For Certificate Programme |
| 4 | Special/Invited lecture Subject to availability of funds | Rs. 2500/- per Hour (Maximum limit) | Maximum four per semester per programme |
| 5 | Honorarium for Resource Persons in Seminar/Conference/ Workshop ~~Maximum limit~~ | Rs. 2500/- Per Head (Maximum Limit) | Subject to budget availability |
| 6 | Ph.D. Thesis Examination | Rs. 1000/- Per Thesis | For Evalution of Ph. D. Thesis |
| | | Rs. 900/- Per Thesis | For conduction the Ph. D. Viva Voce Examination |
| 7 | D.Lit Thesis Examination | Rs. 1400/- Per Thesis | For Evalution of Ph. D. Thesis |
| | | Rs. 1000/- Per D. Lit. | For conduction the Ph. D. Viva Voce Examination |
| 8 | Evaluation of UG/PG Dissertation | Rs. 80/- Each | These dissertations must be part of examination |
| 9 | Ph.D. Course Work Examination of UG/PG.Ph. D. | Same of PG Examination Paper setting | |
| 10 | MCQ Preparation of Semester Examination of UG/PG/Ph.D. | Rs. 50/- per MCQ | Bilingual MCQ (Regular courses and SFCs.) |
| | | Rs. 40/- Per MCQ | Singal language MCQ (Regular courses and SFCs.) |
| 11 | Moderators for semester examination Papers Maximum 3 Members in a department | Rs. 1500/- Each Members | In Each Semester Examination for all Papers in a Department |
| 12 | Invigilators in Practical Examination in Practical Subjects | Rs. 120/- Per Meeting | Per Three Hours |
| 13 | Superintendents/Assistant Superintendents of Examination involved in the conduct/evaluation.result preparation | Rs. 8100/- Per Semester | For Superintendent per semester |
| | | Rs. 6600/- Per Semester | For Superintendent per semester |
| 14 | Viva Voce Examination | Rs. 25/- Each | For PG level examination for external examiners only |
| | | Rs. 16/- Each | For UG level examination for external examiners only |
| 15 | Incharge, Question Bank (in each department) | Rs. 10000/- Per Semester | For all PG Programmes run in department |
| | | Rs. 8000/- Per Semester **Postponed for next meeting** | For all UG Programmes run in department |
| 16 | Bubbling of OMR Answer Key Sheet | Rs. 200/- Per Paper | For those who will do it in the Exam section |
| 17 | Flying Squad | Rs. 120/- Per Meeting | internal as well as external members of flying squad |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 18 | Non Teaching Honorarium engaged in Self Finance Programme | Above Class-III<br>Rs. 1500/- Per Month<br>Class-III<br>Rs. 1200/- Per Month<br>Class-III<br>Rs. 1200/- Per Month<br>Class-IV<br>Rs. 500/- Per Month | ~~Not Allowed~~<br>Deferred till next meeting with revised proposal |
| 19 | Payment Rates to supporting staff During Convocation | Class-III<br>Rs. 100/- Per Day<br>Class-IV<br>Rs. 80/- Per Day | Will be paid with the recommendation of Controller of Examination and approval of the Vice-Chancellor maximum for 15 days |
| 20 | Payment Rates to supporting staff During Examination | Class-III 80/- per shift<br>Rs. ~~100/-~~ Per Day<br>Class-IV<br>Rs. ~~80/-~~ Per Day<br>60/- Per shift | Will be paid with the recommendation of Controller of Examination and approval of the Vice-Chancellor maximum for 30 days |

**बिन्दु संख्या–11**

लखनऊ विश्वविद्यालय में फैकल्टी ऑफ योग एवं अल्टरनेटिव मेडिसिन के प्रा0 इंचार्ज द्वारा ओ.पी.डी. इन योगा में रू0 300/– (कर अतिरिक्त यदि कोई हो) का शुल्क लिए जाने एवं प्राप्त धनराशि को फैकल्टी ऑफ योग एवं अल्टरनेटिव मेडिसिन के खाते में जमा किये जाने के सम्बन्ध में प्रस्तुत संस्तुतियों समिति के समक्ष विचार–विमर्श हेतु प्रस्तुत किया गया, प्रस्तुत प्रस्ताव पर समिति द्वारा सर्वसम्मति से इस शर्त के साथ अनुमति प्रदान की गयी कि इससे सम्बन्धित आय–व्यय का विवरण प्रतिमाह वित्त अनुभाग को प्रेषित किया जाए।

**बिन्दु संख्या–12**

लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्र/छात्राओं से पेटिएम (Paytm) के माध्यम से शुल्क लिए जाने सम्बन्धी प्रस्ताव विचार–विमर्श हेतु समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, प्रस्तुत प्रस्ताव पर समिति द्वारा सर्वसम्मति से असहमति व्यक्त की गयी।

**बिन्दु संख्या–13**

लखनऊ विश्वविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों के उच्च ग्रेड में कैरियर एडवान्समेण्ट स्कीम में प्रोन्नति पर वेतन निर्धारण के लिए विकल्प लिए जाने सम्बन्धित प्रस्ताव समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, प्रस्तुत प्रस्ताव पर समिति द्वारा विचारोपरान्त सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त की गयी।

**बिन्दु संख्या–14**

लखनऊ विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त चिकित्सक, डा0 बी.बी. मिश्रा को पूर्व में आहूत वित्त समिति (28 जनवरी, 2021) के द्वारा रू0 60,000/– प्रतिमाह मानदेय पर नियुक्त किये जाने हेतु वित्त समिति से संस्तुति प्रदान की गयी थी, को पुनः विचार–विमर्श हेतु प्रस्ताव समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, समिति द्वारा उक्त प्रस्ताव को अगली वित्त समिति के समक्ष प्रस्तुत करने पर सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त की गयी।

मा0 अध्यक्ष महोदय द्वारा धन्यवाद ज्ञापित करते हुए समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

22/3/21
(आलोक कुमार श्रीवास्तव)
क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, लखनऊ
प्रतिनिध अपर मुख्य सचिव, उ0शि0
उ0प्र0 शासन।

(इन्द्रजीत विश्वकर्मा)
अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन,
प्रतिनिधि अपर मुख्य सचिव (वित्त),
उ0प्र0 शासन।

22.3.21
(प्रो0 ए. एम. सक्सेना)
परीक्षा नियंत्रक

(डा0 विनोद कुमार सिंह)
कुलसचिव

22.3.21.
(मुकेश कुमार जैन)
वित्त अधिकारी

23/03/21
(प्रो0 आलोक कुमार राय)
कुलपति